e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा–21 / 2022 1248 पटना, दिनांक–30/01/2023

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 713 दिनांक 25.08.2022 के द्वारा श्री धर्मनाथ कुमार, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (ID No. ASO00126) के विरूद्ध अनाधिकृत अनुपस्थिति का आरोप लगाते हुए निदेशालय को सेवा वापस की अनुशंसा की गई है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय ज्ञापांक 2845 दिनांक 13.10.2022 द्वारा श्री धर्मनाथ कुमार से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित समय में समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई है। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री कुमार द्वारा दिनांक 18.08.2022 से आकस्मिक अवकाश आवेदन देकर घर प्रस्थान किया गया था। इसी क्रम में इनके संबंधी की मृत्यु होने के फलस्वरूप ये अपना योगदान बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा में नहीं कर सका। बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा इनकी सेवा निदेशालय को वापस करने की अनुशंसा में शीघ्रता की गयी है, जबकि सेवा वापस करने का कोई प्रावधान नहीं है। चुँकि इनके द्वारा दिनांक 18.08.2022 को अवकाश लिया गया तथा इनकी सेवा दिनांक 25.08.2022 को वापस की गई, जो न्यायोचित नहीं है।

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में श्री धर्मनाथ कुमार, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को तत्काल बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा में योगदान करने हेतु आदेश दिया जाता है। साथ ही यह भी निदेशित किया जाता है कि इनकी अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई मानदेय देय नहीं होगा। श्री कुमार जिस तिथि को बन्दोबस्त कार्यालय में योगदान देगें, उस तिथि से इनका मानदेय देय होगा।

27/1/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा–21 / 2022 1248 **पटना, दिनांक** : 30/01/2023

प्रतिलिपि :– श्री धर्मनाथ कुमार, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (ID No. ASO00126) **E-mail. ID:- dharmnathamit@gmail.com** को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा–21 / 2022 1248 **पटना, दिनांक** : 30/01/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को उनके पत्रांक 713 दिनांक 25.08.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा–21 / 2022 1248 **पटना, दिनांक** : 30/01/2023

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 30/1/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\21-2022 20-01-2023.doc